<u>प्रादेशिक समाचार</u>
<u>दिनांक – 08.11.2025 (सुबह – 0830 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

1. घाटशिला उपचुनाव का प्रचार अभियान अंतिम चरण में, आज भाजपा के कई दिग्गज लगायेंगे जोर, झामुमो के स्टार प्रचारक हेमंत सोरेन की होगी चुनावी रैली, कल्पना सोरेन करेंगी रोड शो।
2. सीबीआई ने सीसीएल अधिकारी को रिश्वत लेते रंगे हाथ किया गिरफ्तार, अनुकंपा पर बहाली के नाम पर ले रहे थे 50 हजार रुपये।
3. जेएसएससी ने सहायक आचार्य का संशोधित अतिरिक्त रिजल्ट किया जारी, 415 अभ्यर्थी सफल घोषित।
4. राज्य में आज से और बढ़ेगी ठंड, मौसम विभाग ने अगले चार दिनों में राजधानी रांची के न्यूनतम तापमान में चार डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट का जताया पूर्वानुमान।
5. रांची लोकसभा स्तरीय सांसद खेल महोत्सव के तहत फुटबॉल महासंगम का आज होगा शुभारंभ, 300 से ज्यादा टीमों ने कराया पंजीकरण।

****

घाटशिला विधानसभा उपचुनाव के प्रचार के लिए अब केवल दो दिन शेष रह गये हैं। ऐसे में सभी राजनीतिक दल अपने–अपने प्रत्याशियों के पक्ष में ताबड़तोड़ चुनावी सभाएं और रोड शो कर रहे हैं। भाजपा के कई दिग्गज आज भी अपने प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन के पक्ष में चुनावी रैलियां करेंगे। इधर, झामुमो की ओर से पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन संयुक्त रुप से चुनावी रैली करेंगे। कल्पना सोरेन का रोड शो भी घाटशिला विधानसभा क्षेत्र में प्रस्तावित है।

****

जैसे–जैसे घाटशिला चुनाव की तिथि नजदीक आती जा रही है, वैसे–वैसे भाजपा और झामुमो के बीच जुबानी जंग भी तेज होती जा रही है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने घाटशिला में एक प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर आरोप लगाया कि राज्य की हेमंत सोरेन सरकार संसाधनों का दुरुपयोग कर रही है।

इस पर झामुमो ने पलटवार किया है। पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा है कि भाजपा को आदिवासियों और मूलवासियों से कोई लेना देना नहीं है। वह केवल पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाना चाहती है।

****

बिहार में पहले चरण का मतदान संपन्न होने के बाद राजद के वरीय नेता तेजस्वी यादव कल शाम देवघर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बातचीत में दावा किया कि बिहार में गठबंधन की सरकार बनने जा रही है।

****

सीबीआई ने सेंट्रल कोल फील्ड्स –सीसीएल के डकरा प्रोजेक्ट के मानव संसाधन अधिकारी को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया है। मानव संसाधन अधिकारी दीपक गिरि अनुकंपा पर नौकरी प्रक्रिया को स्वीकृति देने के लिए 50 हजार की रिश्वत ले रहे थे। चतरा निवासी रौशन कुमार ने इस संबंध में सीबीआई से शिकायत की थी। इसके बाद सीबीआई की टीम ने जाल बिछाया और दीपक गिरि को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।

****

झारखंड कर्मचारी चयन आयोग–जेएसएससी ने झारखंड प्रारंभिक विद्यालय प्रशिक्षित सहायक आचार्य परीक्षा के तहत संशोधित अतिरिक्त रिजल्ट जारी कर दिया है। इसमें 415 अभ्यर्थी सफल घोषित किये गये हैं। इसमें गणित व विज्ञान विषय में 41, सामाजिक विज्ञान विषय में 58, भाषा विषय में 26 तथा कक्षा एक से पांच के लिए इंटर प्रशिक्षित सहायक आचार्य के लिए 290 अभ्यर्थी सफल हुए हैं।

****

सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड –सीसीएल में दो दिवसीय सतर्कता महोत्सव की शुरुआत की गयी है। कार्यक्रम की शुरुआत सीसीएल के सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह, निदेशक पवन कुमार मिश्रा, चंद्र शेखर तिवारी और मुख्य सतर्कता अधिकारी पंकज कुमार ने की। कार्यक्रम के पहले दिन कई प्रतियोगिताएं आयोजित की गयीं। इस मौके पर सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह ने कहा कि पारदर्शिता के साथ काम हमारी संस्कृति का हिस्सा है।

****

राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूर्ण होने पर रांची स्थित सीसीएल मुख्यालय सहित सभी क्षेत्रों में बड़ी संख्या में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने वंदे मातरम के पूर्ण संस्करण का सामूहिक गायन किया। वर्षभर चलने वाले आयोजन का उद्देश्य स्वतंत्रता संग्राम को प्रेरणा देने वाले गीत वंदे मातरम के महत्व को नई पीढ़ी तक पहुंचाना था।

****

जीएसटी बचत उत्सव से देशभर के नागरिकों को लाभ हो रहा है। जीएसटी की दरों में कटौती के साथ यह बचत उत्सव 22 सितंबर को शुरू हुआ था। आज हमारे संवाददाता बता रहे हैं कि कृषि क्षेत्र में जीएसटी की नई दरों से नागरिकों को कैसे लाभ हो रहा है।

****

गिरिडीह जिले की निमियाघाट थाना क्षेत्र से पुलिस ने सात दुर्दांत अपराधियों को गिरफ्तार किया है। डुमरी के एसडीपीओ सुमित प्रसाद ने प्रेस कांफ्रेंस कर बताया कि बोकारो और गिरिडीह में हुई 25 चोरी के मामले में ये सभी शामिल थे।

****

जमशेदपुर में अब सदर अस्पताल में भी मोतियाबिंद का निःशुल्क ऑपरेशन शुरू होगा।

****

राजधानी समेत राज्य में आज से तापमान में और कमी आएगी। सर्द हवा मेंआयी तेजी के कारण रात के तापमान अगले चार दिनों के दौरान तीन से चार डिग्री गिरेंगे। इससे राजधानी समेत राज्य के विभिन्न जिलों में रात को कुहासा के साथ सर्दी बढ़ेगी।

****

रांची लोकसभा क्षेत्र स्तरीय सांसद खेल महोत्सव के तहत फुटबॉल महासंगम का शुभारंभ आज होगा। इसमें रांची लोकसभा क्षेत्र की 300 से अधिक टीमों ने रजिस्ट्रेशन कराया है, जिनमें सीनियर, जूनियर और महिला टीमें भी शामिल हैं। दो विधानसभा क्षेत्रों में एक साथ महोत्सव का आयोजन किया जाएगा, कांके विधानसभा क्षेत्र के लिए महोत्सव सीआईपी टीना ग्राउंड में आयोजित होगा। वहीं, हटिया विधानसभा क्षेत्र के लिए महोत्सव एचईसी स्टेडियम में आयोजित होगा।

****

<u>और अब अखबारों की सुर्खियां–</u>

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने अलग–अलग खबरों को पहले पन्ने की सुर्खी बनायी है।

दैनिक भास्कर ने लिखा है–कोल इंडिया व डीवीसी लगायेगा 1600 मेगावाट का पावर प्लांट।

प्रभात खबर की सुर्खी है– अब सीएम करेंगे नेतरहाट स्कूल की निगरानी, 33 प्रतिशत सीट छात्राओं के लिए।

हिन्दुस्तान लिखता है– जैक बोर्ड के मैट्रिक– इंटर के फार्म 18 से भरे जायेंगे।

दैनिक जागरण के शब्द हैं– अलायड विषयों में अब उत्तीर्ण अभ्यर्थी भी जेट में हो सकेंगे सम्मिलित।

****